हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, सोमवार 30 मार्च 2026

10 इंसान को इंसान बनने के लिए ब्रह्म ज्ञान जरूरी:विवेक



12 जलवा पार्टी व काज प्रसाद कार्यक्रम हो रहे हैं प्रभावित






खबर संक्षेप

### जजपा नेता के पिता के निधन पर जताया शोक

**बहल।** जजपा नेता दिनेश सिहाग सुरपुरा के पिता शीशराम सिहाग के निधन पर क्षेत्र के अनेक राजनैतिक, सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने गहरा शोक जताया है। जजपा के युवा प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला भी शीशराम सिहाग के निधन पर शोक जताने सुरपुरा कलां गांव में उनके सिहाग फार्म हाउस पहुंचे और परिजनों से संवेदना प्रकट की। उन्होंने कहा कि शीशराम सिहाग जमीन से जुड़े ऐसे सादगी पसंद व्यक्तित्व के धनी थे जिन्होंने हमेशा समाज के लोगों की भलाई के लिए काम किया था। शीशराम सिहाग का 24 मार्च को निधन हो गया था।

### जयंती कार्यक्रम को लेकर बनाई रूपरेखा

**लोहारू।** 11 अप्रैल को महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती के मौके पर स्थानीय बोहरा धर्मशाला में रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी जन अधिकार समाज कल्याण समिति के विजय गुरावा ने उक्त शिविर की तैयारियों को लेकर आयोजित हुई बैठक में दी। उन्होंने कहा कि महात्मा ज्योति बा फुले की जयंती के अवसर पर रक्तदान शिविर लगाया जाएगा और एक विचार गोष्ठी आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि ज्योति बा फुले जैसे महापुरुषों ने समाज सुधार में अपना पूरा जीवन आहूत कर दिया। युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा मिले, इसलिए उनकी जयंती पर रक्तदान जैसे सामाजिक कार्य कर उन्हें याद किया जाना चाहिए।

### मुख्यमंत्री से मांग पूरी करने की उम्मीद

**तोशाम।** सिद्ध पीठ बाबा मुंगीपा की पावन नगरी तोशाम में 31 मार्च को प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आगमन को लेकर क्षेत्र में भारी उत्साह है। मुख्यमंत्री के इस दौरे को लेकर पर्यटन विकास मंच ने क्षेत्र के विकास और रोजगार की वर्षों पुरानी मांगों को लेकर हुंकार भरी है। मंच के चेयरमैन राजेश गारनपुरा ने मुख्यमंत्री के आगमन का स्वागत करते हुए एक विस्तृत मांगपत्र, ईमेल और पत्राचार के माध्यम से सरकार को भेजा है। पर्यटन विकास मंच ने तोशाम की तस्वीर बदलने के लिए मुख्यमंत्री के सामने मांग रखी कि ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व की सिद्ध पीठ बाबा मुंगीपा नगरी तोशाम को आधिकारिक तौर पर तीर्थ स्थल और पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जाए।

### स्वयंसेवकों ने सीखे जीवन रक्षा के गुर

**भिवानी।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जारी राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के जिला स्तरीय सात दिवसीय विशेष शिविर के 5वें दिन रविवार को स्वयंसेवकों को जीवन रक्षा के गुर सिखाए गए। शिविर की अध्यक्षता एनएसएस जिला कोर्डिनेटर डा. आनंद शर्मा ने की। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे प्राथमिक सहायता विशेषज्ञ डा. हरेंद्र सिंह पूनिया ने कहा कि आपातकालीन स्थिति में घबराहट के बजाय सही तकनीक और धैर्य का परिचय देना ही सच्चे स्वयंसेवक की पहचान है। डॉ. पूनिया ने व्यावहारिक प्रदर्शन (डेमो) के माध्यम से छात्रों को प्रशिक्षित किया।

## संत निरंकारी मिशन ने करवाया उत्सव का आयोजन

# व्यक्ति को इंसान बनने के लिए ब्रह्म ज्ञान जरूरीः विवेक मौजी

**निरंकारी सतगुरु वर्तमान में इंसान को वास्तव में इंसान बना रहे: सिस्टर निर्मला**

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी



भिवानी। आयोजित सत्संग में उपस्थित श्रद्धालू। फोटो: हरिभूमि

रामनगर स्थित पंजाबी कम्युनिटी सेंटर में संत निरंकारी मिशन द्वारा आध्यात्मिक उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता दिल्ली से पधारे महान संत विवेक मौजी द्वारा की गई। इस अवसर पर चरखी दादरी एवं भिवानी जिलों से भारी संख्या में निरंकारी श्रद्धालुओं के साथ-साथ गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए। कम्युनिटी सेंटर का प्रांगण श्रद्धालुओं से खचाखच भरा हुआ था। इस अवसर पर विशेष रूप से ब्रह्मकुमारी सिस्टर निर्मला , स्टेशन अधीक्षक उदय राज सिंह, समाजसेवी देवराज मेहता , अशोक जैन एवं समाजसेवी नंदकिशोर अग्रवाल ने उपस्थित होकर सतगुरु का आशीर्वाद प्राप्त किया । उपस्थित मानव समाज को संबोधित करते हुए विवेक मौजी ने फरमाया कि मानव के व्यावहारिक जीवन में सुधार एवं सुंदरता लाने के लिए ब्रह्म ज्ञान जरूरी है। वर्तमान में ब्रह्म ज्ञान से मानव मन को स्थिरता मिलती है, सहनशीलता आती है, करुणा के भाव जागते हैं, एक दूसरे के लिए सत्कार के भाव जागते हैं। घर में स्वर्ग सा वातावरण बनता है इसलिए हर इंसान के जीवन में ब्रह्म ज्ञान होना जरूरी है। इसी मकसद के लिए ही जीव को मानव तन मिला है। वर्तमान समय में सद्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज पूरे विश्व में एक-एक इंसान तक ब्रह्म ज्ञान पहुंचाने का सफल प्रयास कर रहे हैं। इस अवसर पर बोलते हुए ब्रह्मकुमारी सिस्टर निर्मला ने अपने भाव व्यक्त करते हुए कहा कि निरंकारी सतगुरु वर्तमान में इंसान को वास्तव में इंसान बना रहे हैं। सत्संग समाप्ति के पश्चात कार्यक्रम में काफी संख्या में जिज्ञासुओं ने ब्रह्म ज्ञान प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में जोनल इंचार्ज बलदेव राज नागपाल ने उपस्थित मानव समाज का आभार व्यक्त किया और समस्त मानव परिवार के भले की कामना की।

### अंदर के विकारों को बाहर करें

निरंकारी राजमाता कुलवंत कौर जी के प्रवचनों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि अपने घर को स्वर्ग बनाने के लिए छोटी-छोटी नकारात्मक बातों को अपने मन में स्थान ना दे। जैसे हम प्रतिदिन अपने घर का कचरा बाहर फेंकते हैं इसी तरह से अपने मन का मंथन करके मन के अंदर के विकारों को बाहर करना चाहिए। मन के विकार ही अंदर के प्रदूषण है और अंदर की सफाई करने से ही मन मंदिर बनता है।

# सरकारी स्कूल में दाखिले के लिए किया प्रेरित

- सरकारी विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने को घर-घर पहुंच रही अध्यापकों की टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭लोहारू



लोहारू। लोहारू में नामांकन के लिए प्रचार अभियान चलाते हुए मॉडल संस्कृति स्कूल की प्राचार्य पूनम श्योराण व सदस्य। फोटो: हरिभूमि

सरकारी विद्यालयों में विद्यार्थियों की नामांकन संख्या बढ़ाने को लेकर सरकारी स्कूलों के स्टाफ सदस्य टीमें बनाकर घर घर पहुंच रहें हैं और लोगों को अपने बच्चों के सरकारी विद्यालयों में दाखिले करवाने की अपील कर रहे हैं। मॉडल संस्कृति राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्य पूनम श्योराण के नेतृत्व में नामांकन संख्या बढ़ाने लिए स्टाफ सदस्यों की सात टीमें गठित की गई हैं तथा टीम के सदस्य घर घर जाकर लोगों को सरकारी विद्यालयों में विद्यार्थियों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में अवगत करा रहे हैं।

### छात्रवृत्ति एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी दी

प्रचार अभियान के तहत टीम के सदस्य लोगों को विद्यालयों में उपलब्ध उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा, डिजिटल कक्षाएं, निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें, वर्दी, मध्यान्ह भोजन, छात्रवृत्ति एवं अन्य सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दे रहे हैं। प्राचार्य पूनम श्योराण ने बताया कि विद्यालय के विज्ञान अध्यापक कमल शर्मा ने सरकारी स्कूलों की सुविधाओं को दर्शाने वाली विशेष आकर्षक वेशभूषा पहनकर लोगों का ध्यान आकर्षित किया।

### बैठक में किया आंबेडकर जयंती को लेकर मंथन

**बाढड़ा।** कस्बे के रविदास मंदिर में रविवार को डॉ भीमराव अंबेडकर समाज कल्याण ट्रस्ट की अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ट्रस्ट के प्रधान महावीर मोद ने की जिसमें बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। बैठक में 14 अप्रैल को मनाई जाने वाली 136 वीं अंबेडकर जयंती को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया तथा जिम्मेदारियां सौंपी गईं। ट्रस्ट पदाधिकारियों ने बताया कि जयंती पर आयोजनों के माध्यम से युवाओं को बाबा साहेब के आदर्शों और विचारों से जोडऩे का प्रयास किया जाएगा।

## मूट कोर्ट प्रतियोगिता में एमिटी लॉ यूनिवर्सिटी मोहाली बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭बहल

**सर्वश्रेष्ठ मेमोरियल का पुरस्कार चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा ने जीता**

बीआरसीएम लॉ कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता का रविवार को समापन हुआ। प्रतियोगिता की विजेता एमिटी लॉ यूनिवर्सिटी मोहाली की टीम बनी जबकि एशियन लॉ कॉलेज नोएडा की टीम उपविजेता रही । सर्वश्रेष्ठ मेमोरियल का पुरस्कार चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा ने जीता और सर्वश्रेष्ठ शोधकर्ता का पुरस्कार सीआर लॉ कॉलेज हिसार की टीम ने जीता। प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ मूटर का पुरस्कार आर्मी लॉ कॉलेज पुणे की छात्रा एडम गाब्रिल ने जीता। कार्यक्रम में चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के विधि विभाग के डीन प्रो. अशोक कुमार मक्कड़ ने बतौर मुख्य अतिथि रहे । भिवानी बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष और सीनियर एडवोकेट बलबीर शर्मा विशिष्ट अतिथ रहे । कॉलेज प्राचार्य डॉ. सुनील शुक्ला ने मुख्य अतिथि एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया ।

# बेजुबानों की सेवा का लिया संकल्प

- अपनी व्यस्त जीवनशैली के बीच बेजुबानों के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझना जरूरी: जेसी शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी



भिवानी। पक्षियों के लिए दान-पानी की व्यवस्था करते जेसीआई के सदस्य।

जेसीआई भिवानी स्टार ने पर्यावरण संरक्षण एवं जीव सेवा की दिशा में सराहनीय कदम उठाया है। संस्था ने वन लोम, वन सस्टेनेबल प्रोजेक्ट के अंतर्गत शहर में बर्ड फीडर प्रोजेक्ट की शुरुआत की है। अभियान का मुख्य उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में पक्षियों के लिए दाने-पानी की उचित व्यवस्था करना है, ताकि बढ़ती गर्मी और कंक्रीट के जंगलों के बीच इन बेजुबान पक्षियों का संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके। अभियान को सुचारू रूप से चलाने के लिए जेसी अनिल बंसल को परमानेंट प्रोजेक्ट डायरेक्टर नियुक्त किया गया। उनके नेतृत्व में शहर के विभिन्न स्थानों पर पक्षियों के लिए आकर्षक और सुरक्षित फीडर लगाए जा रहे हैं। जेसीआई अध्यक्ष जेएफएम संदीप अग्रवाल ने कहा कि प्रकृति के संतुलन के लिए पक्षियों का होना अनिवार्य है। जेसीआई भिवानी स्टार का यह बर्ड फीडर प्रोजेक्ट केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि स्थायी पहल है। हमारा लक्ष्य समाज में ये संदेश देना है कि हम अपनी व्यस्त जीवनशैली के बीच इन बेजुबानों के प्रति भी अपनी जिम्मेदारी समझें

# 10 साल के संघर्ष के बाद न्याय की जीत

- ब्रह्मचारी आश्रम समिति के पक्ष में दिए गए ऐतिहासिक निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी



भिवानी। आयोजित बैठक में उपस्थित समाज के लोग। फोटो: हरिभूमि

हांसी रोड स्थित निजी रेस्टोरेंट में रविवार को संघर्ष समिति एवं समाज के प्रबुद्ध नागरिकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पंडित जय भगवान शर्मा ने की। बैठक का उद्देश्य हाई कोर्ट द्वारा ब्रह्मचारी आश्रम समिति के पक्ष में दिए गए ऐतिहासिक निर्णय पर विचार-विमर्श करना तथा आगे की रणनीति तय करना रहा।

इस अवसर पर आदर्श ब्राह्मण सभा के संस्थापक आर के. शर्मा ने कहा कि पिछले लगभग 10 वर्षों से ब्रह्मचारी आश्रम को कथित रूप से अवैध कब्जाधारियों से मुक्त कराने के लिए निरंतर संघर्ष किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि विरोधी पक्ष प्रभावशाली एवं पहुंच वाले होने के कारण यह संघर्ष लंबा और चुनौतीपूर्ण रहा। इस दौरान उन्हें व्यक्तिगत रूप से भी कई प्रकार की मानसिक, सामाजिक एवं प्रशासनिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने आश्रम की गरिमा और विरासत को बचाने का संकल्प कभी नहीं छोड़ा। कानूनी लड़ाई में एडवोकेट पंकज शर्मा की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण रही। उन्होंने संस्था में हो रही अनियमितताओं का गहन अध्ययन करते हुए जिला रजिस्ट्रार एवं न्यायालय के समक्ष ठोस तथ्यों और प्रमाणों के साथ प्रभावी पैरवी की।

### किया सम्मानित

मंच संचालन विजय शर्मा (आस्था पब्लिक स्कूल) एवं मास्टर देवेंद्र अत्री द्वारा किया गया। इस अवसर पर संघर्ष समिति के सभी सक्रिय सदस्यों को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। बैठक में सतीश धारेड़, अरुण गौड़, जेके शर्मा, प्रधान किशन कौशिक, एडवोकेट रविंद्र शर्मा, एडवोकेट पंकज शर्मा, एडवोकेट रोहित तिगड़ाना, रवि पालवास, डॉ. राजेश शर्मा, चेयरमैन दिलबाग शर्मा, अमित शर्मा, राकेश धनाना, मंगतू राम बलियाली, हरिनंदन पटवारी, डॉ. मधुसूदन शर्मा, लीलू राम नाथूवास, राकेश गौड़, राजेश शर्मा धाराडू, ललित मराठा, शुभम शर्मा, शशिकांत भारद्वाज, मदन शर्मा, नित्यानंद खरकिया, जगदीश नाथवास, मास्टर कुलदीप शर्मा आदि मौजूद रहे।

# पूर्व सांसद जंगबीर सिंह को दी श्रद्धांजलि

- कमल प्रधान व डॉ हरिकेश पंघाल के समक्ष संवेदनाएं प्रकट की तथा उन्हें ढांढस बंधाया

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी



भिवानी। पूर्व सांसद के निधन पर शोक जताते हुए। फोटो: हरिभूमि

भिवानी लोकसभा के पूर्व सांसद चौधरी जंगबीर सिंह की शोकसभा में आए विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उन्हें याद किया और उनके सुपुत्रों कमल प्रधान व डॉ हरिकेश पंघाल के समक्ष संवेदनाएं प्रकट की तथा उन्हें ढांढस बंधाया। इस अवसर पर आए प्रबुद्धजनों ने कहा कि चौधरी जंगबीर सिंह एक निष्ठावान, सामाजिक व सकारात्मकता से ओतप्रोत व्यक्ति थे जिन्होंने राजनेता होते हुए भी समाज सेवी रहकर भिवानी व हरियाणा की राजनीति को नई दिशा दी। श्रद्धांजलि देने आए अखिल भारतीय कांग्रेस के पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्नल रोहित चौधरी ने जंगबीर सिंह को बहुआयामी व्यक्तित्व का धनी बताया। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना के सैनिक के रूप में और अधिवक्ता के रूप में उन्होंने देश व समाज की सेवा तो की ही लेकिन राजनैतिक रूप से भी वह देश के प्रति समर्पित रहे।

### प्रदेश के विकास का पथ तैयार किया

पूर्व विधायक रघुबीर सिंह छिल्लर ने कहा कि चौधरी जंगबीर सिंह ने हरियाणा के तीनों लाल के साथ चलकर प्रदेश के विकास का पथ तैयार किया। पूर्व विधायक रणबीर मंदोला ने कहा कि उनका निधन समाज तथा प्रदेश के लिए एक अपूरणीय क्षति है जिसकी भरपाई कदापि नहीं की जा सकती।


### इन्होंने दी श्रद्धांजलि

उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने पूर्व विधायक राजदीप फौगाट, पूर्व विधायक धर्मपाल सांगवान, पूर्व विधायक सुखविंदर सिंह मांढी, पूर्व विधायक डॉ शिव शंकर भारद्वाज, प्रोफेसर रोशनलाल यादव, पुलिस अधीक्षक करनाल नरेंद्र सिंह बिजारणिया, पुलिस उप अधीक्षक गुरुग्राम अमन यादव, भिवानी बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान सत्यजीत पिलानिया, चरखी दादरी बार एसोसिएशन अध्यक्ष सुरेंद्र मेहडा, सुरेंद्र परमार ईटीओ, राव दान सिंह के सुपुत्र अक्षत राव, आनंद श्योराण, सुनील लांबा, पूर्व चेयरमैन संजय छपारिया, नन्द किशोर अग्रवाल, रिटायर्ड सीएमओ डॉ रणदीप सिंह पूनिया, डॉ विनोद सांगवान, ईश्वर मान, पूर्व प्राचार्य केपी सांगवान, पूर्व हजकां नेता पवन शाहपुर, पूर्व रजिस्ट्रार आत्मप्रकाश शर्मा, आईएएस महावीर प्रसाद, छात्रनेता संपूर्ण सिंह आदि शामिल रहे।

# जिले की नहरों में पहुंचा पानी

- अब पानी की सप्लाई नियमित आने की उम्मीद जगी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी



भिवानी। नहरों में पहुंचा पानी। फोटो: हरिभूमि

शहर के लोगों के लिए राहत भरी खबर। अब पीने के पानी की समस्या नहीं झेलनी पड़ेगी। चूंकि सिंचाई विभाग की मांग के बाद नहरों में पानी पहुंच गया है। हालांकि पानी की सप्लाई नियमित होने में अभी कुछ घंटों का ओर वक्त लगेगा,लेकिन अब पानी की सप्लाई नियमित आने की उम्मीद जग गई है। फिलहाल पब्लिक हेल्थ विभाग के अधिकारी पानी की सप्लाई को नियमित करने में जुट गए है।

यहां यह बताते चले कि गर्मी का मौसम शुरू होते ही पानी की किल्लत बनने लगी थी। इसी के चलते पब्लिक हेल्थ विभाग की मांग के बाद सिंचाई विभाग ने नहरी पानी की मांग भेजी। उनकी डिमांड के हिसाब से रविवार अल सुबह जिले की नहरों में पर्याप्त पानी पहुंच गया।

### अंतिम छोर तक पहुंच रहा पानी

इस बार पानी पर्याप्त मिलने की वजह से जुई, सुंदर व मिताथल फीडर में पर्याप्त मांग के अनुरूप पानी बह रहा है। क्योंकि इस वक्त किसानों को भी खेतों में पानी की जरूरत नहीं है। जिसके चलते अब किसानों ने माइनरों व नहरों की मोरियों को बंद किया हुआ है। जिस वजह से पीछे से जितना पानी छोड़ा गया है। वह सारा पानी नहर व माइनरों के अंतिम छोर तक पहुंच रहा है। जिसके चलते इन पर पड़ने वाले जलघरों में पर्याप्त पानी पहुंचने की उम्मीद है। विगत में शहर के सभी जलघरों में पानी की कमी हो गई थी। पानी कम होने की वजह से पब्लिक हेल्थ विभाग ने हरेक क्षेत्र में पेयजल सप्लाई की राशनिंग कर दी थी।

# विधायक ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭बवानीखेड़ा



बवानीखेड़ा। पार्क में पौधारोपित करते विधायक। फोटो: हरिभूमि

रविवार को विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने अपने पिता स्व. महावीर सिंह सुनसुना की पांचवीं पुण्यतिथि पर परिवार सहित डॉ. भीम राव अम्बेडकर राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला में पौधारोपण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने परिवार के लोगों के साथ मिलकर 51 पौधे लगाए। इस अवसर पर उनके उच्च आदर्शों, श्रेष्ठ संस्कारों एवं जीवन मूल्यों को स्मरण करते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि पूवर्जो के जीवन से शिक्षा लेकर चलने वाले व्यक्ति को जीवन में कभी भी असफलता का मुख नहीं देखना पड़ता। सफलता उनके कदम चुमती है। उन्होंने कहा कि ज्यादा हरियाली बढाकर व अधिक से अधिक पौधे लगाकर ही पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाया जा सकता है। उन्होंने वहां पर मौजूद लोगों से अपने पूर्वजों की स्मृति में पौधारोपित करने का आहवान किया। ताकि हरियाली को बढाया जा सके।

**योजना** पराली जलाने वालों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई

# पराली जलाने की घटनाओं पर रोकथाम के लिए जिले से लेकर गांव स्तर तक टीमें गठित की

- जिला प्रशासन व कृषि विभाग ने की पराली नहीं जलाने की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

राष्ट्रीय हरित अधिकरण के आदेशों तथा एनसीआर क्षेत्र में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में जिला प्रशासन द्वारा जिला में गेहूं की फसल अवशेष (पराली) जलाने की घटनाओं को रोकने हेतु सख्त एवं व्यापक कार्य योजना लागू की गई है।

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग हरियाणा, पंचकूला के निर्देशों के अनुरूप प्रभावी निगरानी के लिए डीसी साहिल गुप्ता ने जिला, उपमंडल, ब्लॉक एवं ग्राम स्तर पर निगरानी समितियों का गठन किया गया है। निगरानी टीमों में डीसी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति संपूर्ण अभियान की निगरानी, समन्वय एवं समीक्षा करेगी। समिति में पुलिस अधीक्षक, जिला राजस्व अधिकारी, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी, हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी, उप निदेशक कृषि तथा सहायक कृषि अभियंता शामिल हैं। उपमंडल स्तरीय निगरानी समिति में संबंधित उपमंडल अधिकारी (नागरिक) को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### जवाबदेही तय की जाएगी

डीसी ने सभी निगरानी समितियों को अपने-अपने क्षेत्र में निरंतर निगरानी रखने, पराली जलाने की घटनाओं की तत्काल सूचना देने तथा त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला स्तर पर नियमित समीक्षा की जाएगी तथा लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों/ कर्मचारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पराली जलाने की घटना को गंभीरता से लिया जाएगा। पराली जलाने वालों के विरुद्ध पर्यावरण संरक्षण अधिनियम एवं अन्य लागू प्रावधानों के तहत जुर्माना, एफआईआर एवं अन्य कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### किया जा रहा जागरूक

वहीं दूसरी कृषि विभाग के उप निदेशक डॉ. विनोद फौगाट ने बताया कि किसानों को पराली प्रबंधन के वैकल्पिक उपाय अपनाने हेतु जागरूक किया जा रहा है। सुपर एसएमएस, हैप्पी सीडर एवं अन्य कृषि यंत्रों के उपयोग के बारे में जानकारी दी जा रही है। सरकार द्वारा उपलब्ध अनुदान योजनाओं की जानकारी भी किसानों तक पहुंचाई जा रही है, ताकि वे बिना पराली जलाए खेती कर सकें। जिला प्रशासन व कृषि विभाग की अपील है कि वे पराली न जलाएं और पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करें।

## खबर संक्षेप

### रैली को लेकर विधायक ने तैयारियों पर किया मंथन

**चरखी दादरी।** विधायक सुनील सांगवान ने रविवार को अपने कैंप कार्यालय में पंचायत प्रतिनिधियों एवं सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक में आगामी 11 अप्रैल को दादरी में आयोजित होने वाली "विकसित दादरी रैली" की तैयारियों को लेकर चर्चा की और विकास को लेकर सुझाव भी मांगे। विधायक सुनील सांगवान ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों से रैली को सफल बनाने के लिए सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। कहा कि यह रैली दादरी के समग्र विकास को नई दिशा देने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। बैठक में रैली के आयोजन, व्यवस्थाओं, जनसंपर्क अभियान तथा अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। विधायक सुनील सांगवान ने बताया कि इस रैली को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी संबोधित करेंगे।

### सेमिनार में भिवानी से माकपा नेता हुए शामिल

**भिवानी।** मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी ने दिल्ली के कामरेड सुरजीत भवन में अमेरिका-इजराईल द्वारा ईरान पर थौंपे साम्राज्यवादी युद्ध, भारत व दुनिया पर उसके प्रभाव पर सेमीनार का आयोजन किया, जिसके मुख्य वक्ता पूर्व मुख्य संपादक एन राम व पत्रकार सीमा चिश्ती थे। सेमीनार में सीपीआईएम भिवानी से पांच सदस्यी प्रतिनिधिमंडल पार्टी जिला सचिव कामरेड ओमप्रकाश व जिला सचिव मंडल सदस्य सुखदेव पालुवास के नेतृत्व में शामिल हुआ। उन्होंने कहा कि सेमीनार में कई विपक्षी पार्टियों व जनसंगठनों के नेता शामिल हुए। उन्होंने कहा कि इजराईल व अमेरिका ने आक्रमण तेल व अन्य उर्जा संसाधनों पर कब्जा करने के मकसद से एक तरफा तौर पर बिना वजह ईरान पर थोंपा है, जिसकी तबाही हो रही है, साथ में भारत व अन्य देशों में ऊर्जा संकट पैदा होने से चौतरफा मंहगाई व अन्य जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति ठप होने जा रही है।

### आर्थिक समृद्धि लाएगा उन्नत सिंचाई उत्सव : वाल्मीकि

**भिवानी।** हरियाणा के कृषि परिदृश्य में एक क्रांतिकारी बदलाव लाने के उद्देश्य से तोशाम की धरा पर 31 मार्च से एक अप्रैल तक उन्नत सिंचाई उत्सव का आयोजन होने जा रहा है।



राज्यसभा सांसद किरण चौधरी और प्रदेश की सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी की दूरदर्शी सोच के परिणामस्वरूप आयोजित होने वाला यह उत्सव किसानों के लिए आधुनिक खेती के नए द्वार खोलेगा। इस दो दिवसीय उत्सव का उद्घाटन 31 मार्च को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करेंगे। मी-काढ़ा विभाग और ईरीगेशन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम को लेकर प्रशासन और स्थानीय नेताओं ने तैयारियां तेज कर दी हैं।

### फसल खरीद को लेकर मुख्यमंत्री ने की वीसी

**चरखी दादरी।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जिला उपायुक्त के साथ वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से बैठक की और फसल खरीद को लेकर जरूरी दिशा निर्देश जारी किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मंदिरों में आने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। जिला प्रशासन अपने स्तर पर सभी प्रकार के प्रबंध सुनिश्चित करें। उपायुक्त डा मुनीश नागपाल ने जिला को लेकर जानकारी सांझा की और वीडियो कांफ्रेंस के बाद फसल खरीद को लेकर आदेश भी जारी किए। उपायुक्त द्वारा जारी आदेशों के अनुसार खरीद अवधि और एमएसपी अनुपालन गेहूं व सरसों की खरीद 1 अप्रैल से 15 मई तक या सरकार द्वारा समय-समय पर अधिसूचित की जाने वाली अवधि तक की जाएगी। सभी खरीद निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर ही की जाएगी। किसी भी किसान को निर्धारित विनिर्देशों के अनुरूप उपज के लिए एमएसपी से कम भुगतान नहीं किया जाएगा।

## युवाओं को केवल प्रशिक्षण ही नही, प्रोत्साहन की भी आवश्यकता : सर्राफ

# खेलों को मजबूत करने के लिए प्रदेश में 4500 खेल नर्सरियां स्थापित की: सैनी

- हरियाणा गौरव अवार्ड-2026 से नवाजे गए खेल और समाज सेवा के 110 से अधिक सितारे
- एशियन कबड्डी फेडरेशन के चेयरमैन गुलाब सिंह सैनी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।





**भिवानी।** आयोजित कार्यक्रम में मंचासीन विधायक व अन्य तथा शारीरिक शिक्षक विनोद पींकू को सम्मानित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

छोटी काशी भिवानी की धरती पर रविवार को प्रतिभा और सेवा का अद्भुत संगम देखने को मिला। स्थानीय कोंट रोड, मिनी बाईपास काली माता मंदिर रोड स्थित दक्षिण काली नवदुर्गा मंदिर परिसर में नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था द्वारा हरियाणा गौरव अवार्ड-2026 का आयोजन किया गया। नंदलाल चावला मेमोरियल ट्रस्ट (रजि.) के संयोजन में आयोजित इस समारोह ने उन हस्तियों को एक मंच पर लाने का काम किया, जिन्होंने अपने पसीने और सेवा भाव से प्रदेश का मान बढ़ाया है। समारोह में एशियन कबड्डी फेडरेशन के चेयरमैन गुलाब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंत्री एवं विधायक घनश्याम सर्राफ ने की तथा अति विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता धर्मेंद्र जिंदल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंच संचालन बिजेश जावला, मास्टर मनोज सैनी ने किया।

### 45 राष्ट्रीय खिलाड़ी और 10 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी किए सम्मानित

संस्था के मीडिया कोऑर्डिनेटर सुरेश सैनी व ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद चावला ने बताया कि कार्यक्रम में उन प्रतिभाशाली खिलाडियों, कोचों, सामाजिक संस्थाओं एवं प्रबुद्ध व्यक्तियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर प्रदेश व देश का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान कुल 110 सम्मान वितरित किए गए। जिसमें 45 राष्ट्रीय खिलाड़ी, 10 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी, 35 राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय कोच, 10 सामाजिक संस्थाएं तथा 10 प्रबुद्ध सामाजिक व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। सुरेश सैनी ने कहा कि नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था समय-समय पर ऐसे आयोजनों के माध्यम से समाज में सकारात्मक सोच, सेवा भावना और प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने का कार्य करती रही है।

### भारत की असली ताकत 65 प्रतिशत युवा जनसंख्या

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एशियन कबड्डी फेडरेशन के चेयरमैन गुलाब सिंह सैनी ने कहा कि आज भारत की असली ताकत उसकी 65 प्रतिशत युवा जनसंख्या है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें खेलों को जमीनी स्तर पर मजबूत कर रही हैं। अकेले हरियाणा में लगभग 4500 खेल नर्सरियां स्थापित की गई हैं, ताकि जूनियर स्तर से ही खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के मेडल के लिए तराशा जा सके। इस मौके पर सैनी ने कबड्डी प्रेमियों के लिए बड़ी घोषणा करते हुए बताया कि 7 मई से मलेशिया में महिला व पुरुष सर्कल कबड्डी का आयोजन होने जा रहा है। विधायक एवं पूर्व मंत्री घनश्याम सर्राफ एवं अति विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता धर्मेंद्र जिंदल ने कहा कि युवाओं को केवल प्रशिक्षण ही नहीं, बल्कि प्रोत्साहन की भी आवश्यकता होती है। कार्यक्रम के मीडिया कोऑर्डिनेटर सुरेश सैनी और ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद चावला ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को सही दिशा और मंच प्रदान करना है। इस अवसर पर साक्षी मलिक के कोच मनदीप सैनी, प्रधानमंत्री द्वारा नेशनल स्टार्टअप से सम्मानित मोहित यादव, अंतर्राष्ट्रीय कबड्डी कोच रणधीर सिंह, स्टील मैन पहलवान बिजेंद्र सिंह, डा. मोनिका सांगवान, सहित अनेक लोगों को सम्मानित किया।।



**भिवानी।** बेटी के जन्मदिन पर खुशी मनाते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

# अब समाज में बेटी पैदा होने पर मनाई जाती है खुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- शिक्षा तक महिला समानता होने के चलते आया परिवर्तन, नही रहा बेटा-बेटी का भेदभाव

समाज से लडक़ा-लडक़ी का भेदभाव अब मिटता नजर आ रहा है। दशकों पूर्व जब लडक़ा पैदा होता था तो उसके पैदा होने पर परिजन खुशी मनाते थे तथा फंक्शन करके लोगों को एकत्रित कर लडक़ा होने पर गर्व महसूस करते थे।

आज बदलते समय में यह बात लड़कियां पैदा होने पर भी लागू होनी शुरू हो गई है। समाज में फैली जागरूकता, लिंग समानता व बेटियों को आदर के दृष्टिकोण से देखने की भावना ने लडक़े व लडक़ी का भेदभाव खत्म करके दोनों को बराबरी के दर्जे पर ला दिया है। ऐसा ही कुछ देखने को मिला जिले के गांव रानिला में जहां, बेटी पैदा होने पर बेटी के दादा रमेश गिल ने खुशी मनाकर ढ़ोल-नंगाड़ों के साथ बेटी का स्वागत किया तथा उसके जन्म की खुशी में भोज कार्यक्रम रखा।

इस बारे में बेटी के दादा रमेश गिल ने बताया कि उनके बेटे साहिल व पुत्रवधु साक्षी ने जब बेटी को जन्म दिया तो उन्हे अपनी पौती होने पर बहुत खुशी हुई। जिसका नाम उन्होंने सान्वी रखा तथा बगैर भेदभाव के उसके जन्म पर जलवा पूजन करके परिजनों, मित्रों व रिश्तेदारों व ग्रामीणों को एकत्रित करके भोज कार्यक्रम रखा। वही बेटी के पिता साहिल व बेटी की मां साक्षी ने बताया कि उन्हे बेटी के जन्म पर बहुत खुशी हुई है। वे बेटा और बेटी में भेद नहीं करते।

# शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण का है साधन : डा. वासुदेव शर्मा

- श्रीमती मुन्नी देवी शिक्षा निकेतन में वार्षिक समारोह की धूम, पूर्व मंत्री डा. वासुदेव शर्मा ने बढ़ाया छात्रों का उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** मेधावियों को पुरस्कार देकर सम्मानित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

श्रीमती मुन्नी देवी शिक्षा निकेतन स्कूल में रविवार को वार्षिक उत्सव और प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, राजनीति और समाज सेवा से जुड़ी दिग्गज हस्तियों ने शिरकत की, जहां मेधावी छात्रों को उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री डा. वासुदेव शर्मा व नरेश मीनू अग्रवाल शिरकत की। वही विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला प्रवक्ता विनोद चावला, समाजसेवी पूर्ण जांगड़ा, भाजपा युवा मोर्चा के जिला महामंत्री धीरज शर्मा बापोड़ा, डा. मंजीत ढुल, समाजसेवी हरीश हलवासिया, तारकेश्वर कौशिक, रामधारी शर्मा उमरावत, रामचंद्र तिवाड़ी, प्रदीप शर्मा पहुंचे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य वेदप्रकाश शर्मा ने की। समारोह का सफल संचालन स्कूल के समर्पित स्टाफ द्वारा किया गया। प्रधानाचार्य और शिक्षकों की टीम, जिनमें सुनैना, कविता, पिंकी, नेहा, पायल, रानी शर्मा, सिमरन और निकिता मैम शामिल रहीं, ने कार्यक्रम की व्यवस्था और बच्चों के मार्गदर्शन में मुख्य भूमिका निभाई। वही स्कूल के विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों को उनके शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए मंच पर सम्मानित किया गया। इस दौरान कक्षा 8वीं से रांझी और रितेश, कक्षा 7वीं से खुशी, प्राची, मन्नत, गुंजन और अनिता, कक्षा छठी से मानवी, दिशा, अभी और अक्षय, कक्षा 5वीं से जिया, मयंक राज, प्रिया और साक्षी को सम्मानित किया गया। इसके अलावा हार्दिक, लक्ष्य, कार्तिक प्रथम, जशन द्वितीय और खुशी, मयंक, शिवम व आयुष तृतीय स्थान पर रहे, जिन्हे भी मंच के माध्यम से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री डा. वासुदेव शर्मा ने कहा कि शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह चरित्र निर्माण का साधन है। श्रीमती मुन्नी देवी शिक्षा निकेतन जैसे संस्थान बच्चों की प्रतिभा को तराशने का जो कार्य कर रहे हैं, वह सराहनीय है। आज के ये बच्चे ही कल के भारत का उज्ज्वल भविष्य हैं। कार्यक्रम के अंत में स्कूल प्रबंधन ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



**चरखी दादरी।** विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते स्टाफ सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

# एचडी पब्लिक स्कूल का परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

- इस अवसर पर बच्चों ने डिग्री पोशाक पहनकर मंच पर पुरस्कार ग्रहण किए

एचडी पब्लिक स्कूल बिरोहड़ में प्राथमिक विभाग के वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक बलराज फौगाट एवं प्राचार्या नमिता दास की उपस्थिति रही। समारोह में नर्सरी से कक्षा पांचवीं तक के विद्यार्थियों को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। मेधावी विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर ट्रॉफी, पुस्तकें, स्कूल बैग और प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। पुरस्कार प्राप्त कर बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। इस अवसर पर बच्चों ने डिग्री पोशाक पहनकर मंच पर पुरस्कार ग्रहण किए, जिससे उनका उत्साह और भी बढ़ गया। प्राथमिक विभाग प्रभारी प्रीती पाहवा ने परीक्षा परिणाम की जानकारी देते हुए बताया कि विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। कक्षा पहली, दूसरी, तीसरी, चैथी और पांचवीं के अनेक विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी कक्षाओं में शीर्ष स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

### ग्रास रूट्स पब्लिक स्कूल में पीटीएम का आयोजन कल

**बवानीखेड़ा।** बवानीखेड़ा स्थित ग्रास रूट्स पब्लिक स्कूल में मंगलवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया जाएगा साथ में अभिभावक-



शिक्षक बैठक का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सैकड़ों विद्यार्थियों व परिजन पहुंचकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। जानकारी देते हुए विद्यालय निदेशक वीना रानी भ्याणा ने बताया कि उनका विद्यालय उनका नहीं उन सभी सहयोगियों का है जिन्होंने इसे मजबूत बनाने का कार्य किया है। उनके विद्यालय में निपुण शिक्षक कार्यरत हैं जो बच्चों की नींव को मजबूत करने का काम करते हैं और परिजनों का भी उन पर अटूट विश्वास है जिसके चलते विद्यालय में हर वर्ष छात्र संख्या में बढ़ोतरी होती है। वहीं उन्होंने बताया कि वार्षिक परीक्षा घोषित करने के साथ अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन कर इसे सफल बनाने का कार्य किया जाएगा।

# सरस्वती विद्या विहार का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** वार्षिक परीक्षा परिणाम अवसर पर बच्चों को सम्मानित करते हुए।

सरस्वती विद्या विहार, आसलवास दूबिया में वार्षिक परीक्षा परिणाम दिवस बड़े ही उत्साह, उल्लास और गरिमामय वातावरण के बीच मनाया गया। कक्षा नर्सरी से 9वीं तथा कक्षा 11वीं तक के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रबंधन द्वारा मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए आकर्षक छात्रवृत्तियों की घोषणा की गई। कक्षा नर्सरी से पांचवी कक्षा तक के विद्यार्थियों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 10,000, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 7,500 तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 5,000 की छात्रवृत्ति प्रदान की गई। इसके साथ ही विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रमाण पत्र व ट्रॉफी भेंटकर सम्मानित किया गया तथा उनके अभिभावकों को शॉल भेंटकर सम्मानित किया व उनकी भूमिका की सराहना की गई।

कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए भी विशेष छात्रवृत्तियाँ प्रदान की गईं। इन कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 15,000, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 10,000 तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 5,000 की छात्रवृत्ति दी गई। साथ ही छात्रवृत्ति प्रमाण पत्र व ट्रॉफी प्रदान कर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया गया और उनके अभिभावकों को भी शॉलभेंट कर सम्मानित किया गया। कक्षा 9वीं और 11वीं के विद्यार्थियों के लिए भी विद्यालय प्रबंधन ने विशेष प्रोत्साहन रखा। इन कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 20,000, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 15,000 तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 10,000 की छात्रवृत्ति प्रदान की गई। विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रमाण पत्र व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया तथा उनके माता-पिता को शॉल भेंटकर आदरपूर्वक सम्मानित किया गया। चेयरमैन राजबीर ने कहा कि शिक्षा ही वह शक्ति है जो समाज और राष्ट्र के भविष्य को उज्ज्वल बनाती है। विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल परीक्षा में अच्छे अंक दिलाना ही नहीं, बल्कि उन्हें संस्कारवान बनाना भी है।



### केएम. पब्लिक स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम किया घोषित

**भिवानी।** केएम पब्लिक स्कूल में सत्र 2025-26 की प्री-प्राइमरी से पाँचवीं तक की कक्षाओं का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भिवानी के अतिरिक्त उपायुक्त सहप्रशासक दीपक लाल करवा का स्वागत पुष्प गुच्छदे करव एन.सी.सी कैडेट्स के द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर देकर किया गया। विद्यार्थियों ने 'हम वक्त बदल देंगे' जैसे प्रेरणादायक गीत पर शानदार नृत्य प्रस्तुत किया। कव्वाली में अभिभावकों, विद्यार्थियों तथा शिक्षकों का अभिनय करते विद्यार्थियों के बीच अनूठी व सुन्दर जुगल बंदी दिखाई दी। तत्पश्चात परीक्षा प्रभारी उमंग गर्गकि द्वारा कक्षावार परीक्षा परिणाम घोषित किए गए।

# मुख्यमंत्री सैनी से 2023 का बकाया मुआवजा जारी करने की मांग करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढड़ा

- पूर्व विधायक सोमवीर सिंह ने ग्रामीणों को किया संबोधित

प्रदेश के पुराने भिवानी जिले के वर्ष 2023 के खराबें की भेंट चढी फसलों के नुकसान की एवज में चार सौ करोड़ के बकाया मुआवजे पर कंपनी व सरकार की आपसी मिलीभगत से जगह जगह धरने प्रदर्शन हो रहे हैं। जिले में सीएम नायब सिंह सैनी के आगमन को देखते हुए जिले के सभी विधायकों को किसानों की बकाया मुआवजे के मामले का तुरंत समाधान करने व नहरी पानी की पर्याप्त आपूर्ति की मांग उठाकर अन्नदाताओं के धरने प्रदर्शन त्म करवाने चाहिए।

यह बात पूर्व विधायक व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सोमवीर सिंह ने क्षेत्र के गांव द्वारका, काकड़ौली, बाढड़ा, बेरला, कादमा में ग्रामीणों के समक्ष कही। उन्होंने कहा कि भिवानी दादरी जिले में सबसे अधिक भाजपा विवधायक निर्वाचित्त हुए है लेकिन ये जनता की मांगों को लेकर गंभीरता नहीं बरत रहे हैं जिससे बकाया मुआवजे को लेकर किसानों को पिछले 9 माह से बाढड़ा अनाज मंडी व लोहारु उपमंडल मुख्यालय पर बेमियादी धरना प्रदर्शन करना पड़ रहा है जो न्यायसंगत नहीं है। प्रदेश सरकार किसानों की एमएसपी फसल खरीद का दावा कर रही है जबकी किसान खाद बीज सिंचाई के लिए पानी से लेकर फसल बेचने तक समस्याओं से जूझ रही है। बेमौसमी बरसात से दादरी जिले की रबी सीजन की फसलें 20 से 3 प्रतिशत खराबें की भेंट चढी हुई है लेकिन सरकार स्पेशल गिरदावरी के नाम पर चुप्पी साधे हुए है। मंडियों में फसल बेचने के नाम पर किसानों में भय का माहौल बनाया जा रहा है।

## विद्यार्थियों ने संदेशे आते हैं व जलवा तेरा जलवा गीत से पूरे सदन को देशभक्ति के रंग में रंगा

# विद्यार्थियों ने योग, हनुमान चालीसा, राधा-कृष्ण और शिव तांडव की दी मनमोहक प्रस्तुति

- देशभक्ति प्रस्तुतियों पर भारत माता की जय व वन्दे मातरम के नारों से गूंजा पंडाल
- लिटिल हार्टस पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव एवं पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते अतिथि। *फोटो : हरिभूमि*

लिटिल हार्टस पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव एवं पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन श्रीजोगीवाला शिव मन्दिर के महंत वेदनाथ महाराज के सानिध्य में हुआ।

प्रातःकालीन सत्र में हरियाणा शिक्षा निदेशालय के संयुक्त निदेशक अजीत सिंह, चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय की रजिस्ट्रार डॉ. भावना शर्मा व सांयकालीन सत्र में डॉ. बृजपाल पप्पु बतौर मुख्यतिथि उपस्थित हुए। अतिथियों ने मां सरस्वती, भगवान श्रीगणेश व लडुवे गोपाल के सम्मुख द्वीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण से कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। स्कूल के प्रधान त्रिलोकचंद गोयल ने कहा कि बच्चों, अध्यापक व अभिभावकों के कठिन परिश्रम की वजह से बच्चों ने उपलब्धियां हासिल की हैं।

अतिथि ने कहा कि शिक्षा का विद्यार्थी के जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है, बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों व अपनी संस्कृति को भी महत्व देना चाहिए। प्रबंध निदेशक डॉ. पवन गोयल व भावना गोयल ने बताया कि लिटिल हार्टस ग्रुप के सभी विद्यालयों के बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए पूर्णतया वातानुकुलित वातावरण, इंगलिश स्पीकिंग कक्षाएं, प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं की तैयारी, ओलंपियाड परीक्षाएं, कैरियर काउंसलिंग, खेलकूद, जुडो-कराटे एवं स्केटिंग आदि जैसी सुविधाएं पूरे सत्र के दौरान स्लेबस के साथ-साथ प्रदान की जा रही हैं, जिससे सभी विद्यार्थी विभिन्न क्षेत्रों में जाकर विकसित समाज का निर्माण कर सकें।

### बच्चों को किया सम्मानित

इस अवसर पर पांचवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने 'देशभक्ति मैसअप नृत्य, रामायण पर आधारित नृत्य, तुलसी पुजन नाटिका, राजस्थानी लोक नृत्य, आठवी कक्षा के विद्यार्थियों ने शानदार योगा, हनुमान चालिसा, नौवी कक्षा की छात्राओं ने राधा-कृष्ण, शिव तांडव आदि गीतो पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। आठवी कक्षा के विद्यार्थियो ने संदेशे आते है' व जलवा तेरा जलवा ने पूरे सदन को देशभक्ति के रंग में रंग दिया और पूरा सदन भारत माता की जय व वन्देमातरम के नारों से गुंज उठा। आयोजकों ने अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। शैक्षणिक व अन्य गतिविधियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बच्चों को उपहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्राचार्य दीपक जोशी, उपप्राचार्य मनमोहन चावला, सुदेश तुलस्यान, प्राचार्या वीना सेठ, सोनिया खेमका, रश्मि, कविता शर्मा, दीपक वर्मा, पंकज, निशा, प्रिया, भावना, श्याम सुंदर, नीरज व अमित आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### एनिमल सिंपैथी का रेबीज कैंप तीन को

**भिवानी।** एनिमल सिंपैथी ऑर्गेनाइजेशन द्वारा चलाए जा रहे मिशन रेबीज फ्री इंडिया कार्यक्रम व सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों की अनुपालना करते हुए प्रत्येक बेसहारा व पालतु कुत्तों को माइक्रोचिप लगाकर रजिस्ट्रेशन करने की श्रृंखला में एनिमल्स सिंपैथी ऑर्गेनाइजेशन का दूसरा कैंप तीन अप्रैल को सायं 4 से 6 बजे तक खटीक धर्मशाला दुर्गा कॉलोनी में आयोजित किया जाएगा। संस्था के संस्थापक योगेश ढिकाव ने आमजन से अनुरोध किया कि वे मिशन रेबीज फ्री इंडिया कार्यक्रम में मदद करें।

### 31 तक प्रस्तावित कलेक्टर रेट पर दें आपत्ति एवं सुझाव

**चरखी दादरी।** सरकार के निर्देशों के अनुसार जिले में वर्ष 2026 के लिए भूमि के नए कलेक्टर रेट की संशोधित प्रस्तावित दरों की तहसीलवार सूची आधिकारिक वेबसाइट चरखीदादरी. जीओवी. आईएन पर अपलोड कर दी गई है। इसपर कोई भी नागरिक समीक्षा कर 31 मार्च सुबह 10 बजे तक अपने सुझाव या आपत्तियां ऑनलाइन माध्यम से जमाबंदी. एनआईसी. आईएन पर प्रस्तुत कर सकें। साथ ही संबंधित एसडीएम, तहसील और डीआरओ कार्यालय में भी जमा करा सकता है। इसको लेकर उपायुक्त डा. मुनीश नागपाल ने बताया कि सरकार के निर्देशों के तहत जिला के जिलों को इन प्रस्तावित कलेक्टर रेट पर अपनी राय देने का अवसर दिया गया है।

### 25 दिन बाद गैस बुकिंग एवं सप्ताह बाद तक सिलेंडर डिलीवरी बनी परेशानी

# जलवा पार्टी व काज प्रसाद कार्यक्रम हो रहे प्रभावित

**होटल व ढाबों पर रेटों में बढ़ोतरी गैस किल्लत के चलते व्यवसाय हो रहे ठप**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

घरेलू और कमर्शियल सिलेंडर की किल्लत के चलते लोगों की परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही, बल्कि बढ़ती ही जा रही हैं। गैस किल्लत के चलते बेटे-बेटी के जन्म पर जलवा पार्टी व मृत्युभोज काज प्रसाद आदि कार्यक्रम करने के लिए बहुत विकट समस्या बनी हुई हैं। गैस डिलीवरी के 25 दिन बाद गैस बुकिंग की समस्या और इसके सप्ताह तक गैस सिलेंडर घर पर डिलीवर होने की समस्या से आमजन बुरी तरह से त्रस्त हैं। वहीं गैस किल्लत के चलते होटल व ढाबों पर रेटों में अचानक से बढ़ोतरी हो गई हैं, जो आमजन की जेब पर डाका हैं।

अमेरिका-इजराइल व ईरान के बीच युद्ध के चलते प्रदेश में तेल व गैस की किल्लत बनी हुई हैं। गैस किल्लत के चलते बच्चों के जन्म पर जलवा पार्टी व मृत्युभोज काज प्रसाद कार्यक्रम करवाने के लिए विकट समस्या बनी हुई हैं। गैस डिलीवरी होने के 25 दिन बाद गैस बुकिंग हो सकती हैं और इसके एक सप्ताह बाद तक गैस सिलेंडर घर पर डिलीवर होगा, जो आमजन को परेशानी में डाल रहा हैं। वहीं गैस किल्लत के चलते होटल व ढाबों पर अचानक रेटों में बढ़ोतरी हो गई हैं, जो आमजन की कमर तोड़ने जैसा प्रतीत होता हैं। गैस किल्लत के चलते कालाबाजारी की आशंका भी बढ़ती जा रही हैं। इंडियन ऑयल, एचपी गैस व भारत गैस आदि कंपनियों ने अब उज्जवला योजना के उपभोक्ताओं को 45 दिन में गैस सिलेंडर देने की गाइड लाइन जारी की हैं। वहीं सिलेंडर बोटल कनेक्शन को 25 दिन व डबल बोतल कनेक्शन 35 दिन के अंतराल के बाद गैस सिलेंडर देने की गाइड लाइन जारी की हैं, जो आमजन के लिए परेशानी भरा निर्णय हैं।




भिवानी। गैस एजेंसी पर सिलेंडर लेने के लिए लगी उपभोक्ताओं की भीड़। फोटो : हरिभूमि

#### गांवों में ज्यादा परेशानी

वैसे तो शहर हो या गांव गैस किल्लत को लेकर बनी परिस्थिति एक जैसी हैं, लेकिन फिर भी गांव में गैस सिलेंडर की डिलीवरी पहुंचने की और भी ज्यादा परेशानी बन गई हैं। कई इलाकों में गैस एजेंसियों पर सिलेंडर समय पर नहीं मिल रहे हैं, जिससे आपूर्ति श्रृंखला बाधित हो रही है। वहीं होटल, ढाबे और रेस्टोरेंट्स को गैस नहीं मिलने से उनका व्यवसाय एवं कामकाज बुरी तरह प्रभावित हो गया है।

#### आमजन पर आर्थिक बोझ

गैस किल्लत के चलते सिलेंडरों की कालाबाजारी बढ़ना आम बात हैं, ऐसे में कालाबाजारी करने वाले लोगों को अधिक फायदा और आमजन पर आर्थिक भार बढ़ रहा हैं, क्योंकि उन्हें मजबूरीवश ज्यादा रुपये देने पड़ रहे हैं। वहीं समय पर गैस उपलब्ध नहीं होने से कामकाजी महिलाओं व स्कूलों में जाने वालों बच्चों के लिए सुबह के समय चूल्हों पर खाना बनाकर टिफिन तैयार करने में परेशानी बढ़ गई हैं।

#### नहीं मिल रहे गैस सिलेंडर

शहरवासी जगदीश ने बताया कि उनके घर पौत्री पैदा हुई है और वे पौत्री का जलवा पूजन करेंगे, लेकिन गैस की किल्लत ने परेशानी में डाल दिया हैं। एजेंसी पर बार-बार पता करने पर भी सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो पा रहा। वहीं लक्ष्मण ने बताया कि उनकी माताजी का देहांत हो गया हैं और उनका मृत्युभोज काज प्रसाद एवं रस्म पगड़ी कार्यक्रम हैं, जिसके लिए गैस सिलेंडरों की व्यवस्था नहीं हो पा रही हैं। उन्होंने कहा कि जलवा, शादी व काज प्रसाद आदि के लिए प्रशासन की ओर से विशेष व्यवस्था होनी चाहिए।



### ड्रिंक एंड ड्राइविंग के 7 सहित कुल 44 चालान किए तथा गाड़ी इंपाउंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने एवं आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा के निर्देशानुसार शनिवार रात्रि को स्पेशल इंटर स्टेट नाका चैकिंग अभियान चलाया गया। अभियान रात 11 से सुबह 4 बजे तक चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व डीएसपी बाढ़डा सुभाषचंद्र द्वारा किया गया, जिनके निर्देशन में सीआईए व स्पेशल स्टाफ की टीमों सहित जिला पुलिस के 40 पुलिस कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की।

**सीआईए व स्पेशल स्टाफ की टीमों सहित जिला पुलिस के 40 कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की।**

अभियान के दौरान नाका लाड भांडवा पर विशेष चेकिंग अभियान चलाते हुए आने-जाने वाले वाहनों की गहनता से तलाशी ली गई। पुलिस टीमों ने संदिग्ध वाहनों को रोककर उनके दस्तावेजों की जांच की तथा वाहन चालकों व यात्रियों से पूछताछ भी की। इस दौरान यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के साथ-साथ सुरक्षा मानकों की भी जांच की गई।डीएसपी सुभाषचंद्र ने बताया कि चेकिंग के दौरान करीब 156 वाहनों की तलाशी ली गई। इस दौरान ड्रिंक एंड ड्राइविंग के 7 चालान सहित कुल 44 चालान किए तथा एक गाड़ी को इंपाउंड किया गया। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं और नशीले पदार्थों की तस्करी एवं संदिग्ध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए इस प्रकार के अभियान चलाए जा रहे हैं । आगे भी ऐसे अभियान समय-समय पर चलाए जाते रहेंगे, ताकि अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके और आमजन में सुरक्षा की भावना बनी रहे।



## अधिकारियों ने लिया रैली स्थल का जायजा, दिए दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

■ 31 मार्च को सुक्ष्म उन्नत सिंचाई उत्सव में पहुंचेंगे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

एसडीएम संदीप कुमार ने रविवार को तोशाम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के 31 मार्च को प्रस्तावित सुक्ष्म उन्नत सिंचाई उत्सव के उद्घाटन व प्रगतिशील रैली को लेकर रेस्ट हाउस में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को बैठक में जरूरी दिशा निर्देश दिए और चौधरी सुरेंद्र सिंह खेल परिसर में जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उन्होंने अधिकारियों से संबंधी विभाग वार की जा रही तैयारियों की बारीकी से जानकारी भी ली। इस दौरान डीडीपीओ सोमबीर कादयान, नायब तहसीलदार अशोक कुमार, बीडीपीओ अमित कुमार, एसएचओ महाबीर सिंह, एसईपीओ अजय कुमार,, सरपंच राजेश कुमार सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम की व्यवस्था में किसी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए। महिलाओं और पुरुषों के बैठने के लिए अलग-अलग सेक्टर बनाए जाएं। तोशाम कस्बे में सुरेंद्र सिंह चौक से भिवानी मार्ग, सिवानी मार्ग और रैली स्थल तक रोड पर यातायात व्यवस्था बेहतर करने और रेहड़ियों-दुकानों के सामने रखे समान को हटवाने के निर्देश भी दिए। बीडीपीओ के माध्यम से दुकानदारों को नोटिस देने ,उत्सव स्थल पर ब्रेकेटिंग करने और चौधरी सुरेंद्र सिंह खेल परिसर में रैली स्थल तक पक्का गेट लगाने का दिशा निर्देश भी दिए। फेस्टिवल का आयोजन केबिनेट मंत्री मंत्री श्रुति चौधरी द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम में सूक्ष्म सिंचाई उपकरणों की विशाल प्रदर्शनी लगाई जा रही है, जिसमें विभिन्न कंपनियों द्वारा लगभग 100 स्टॉले लगाई जाएंगी।

### अचानक बाइक के आगे पशु आने से युवक की मौत

**बवानी खेड़ा।** लावारिश पशुओं की समस्या एक बार फिर जानलेवा साबित हुई। शनिवार रात क्षेत्र के आदर्श महाग्राम बलियाली निवासी 23 वर्षीय अंकुश की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार अंकुश लोहारी जाटू से अपने गांव बलियाली लौट रहा था। जब वह पूर्व पंच राजेंद्र पांचाल के खेत के पास पहुंचा, तभी अचानक सामने आवारा पशु आ गया।

पशु को बचाने के प्रयास में उसकी मोटरसाइकिल का संतुलन बिगड़ गया और बाइक पास के खंभे से जा टकराई। हादसे के बाद पूर्व पंच राजेंद्र पांचाल सहित अन्य राहगीरों ने घायल युवक को देखा और तुरंत सरपंच सचिन सरदाना व परिजनों को सूचना दी। इसके बाद पुलिस की गाड़ी की मदद से अंकुश को भिवानी अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अंकुश चार भाइयों में तीसरे नंबर पर था और अविवाहित था। इस घटना के बाद गांव बलियाली शोक की लहर देखने को मिली।।

## बिजली निगम ने चालीस से अधिक बिजली चोरी पकड़ी

**बाढ़ड़ा सब डिवीजन क्षेत्र में 6 करोड़ से अधिक के बिल बकाया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढड़ा

दक्षिणी हरियाणा बिजली वितरण निगम ने ग्रामीण क्षेत्र में बढ़ रही बिजली चोरी व अपने लंबे समय से अधर में लटके बिलों की राशी के बकायादारों से वसूली प्रक्रिया तेज कर दी है। बाढ़ड़ा सब डिवीजन क्षेत्र में 6 करोड़ से अधिक की बकाया थी जो मामूली ही रिकवरी हो पाई और अभी भी करोड़ों रुपया बकाया है।

बिजली निगम ने पिछले चार दिन में लगातार अभियान चलाकर 40 से अधिक चोरी की घटनाएं पकड़ी हैं जिनपर भारी जुर्माना लगाया है। प्रदेश के दक्षिणी हरियाणा के कई जिलों में लंबित बिल अदा न करने से हालात विकट हो गए हैं और विभाग बार बार उनको सरचार्ज माफी योजना का लाभ भी दे चुका है लेकिन कोई रुचि नहीं दिखाने पर विभाग ने सख्त तेवर अपना लिए हैं। विभाग ने सभी अधिकारियों को अपने अपने क्षेत्रों में बिजली चोरी पर अंकुश लगाने व बकाया वसूली का लक्ष्य निर्धारित कर निश्चित समयावधि में बकाया वसूली करने का मिशन शुरु किया लेकिन बार बार अपील के बावजूद न तो बिजली चोरी बंद की जा रही है और ना ही बिल समय पर भुगतान किया जा रहा है जिसके बाद एसडीओ रामसिंह की अध्यक्षता में गठित दो टीमों ने पिछले चार दिनों में गांव बाढड़ा, कारी, जेवली, बेरला में घर घर पर औचक जांच अभियान चलाया तथा 40 घरों व प्रतिष्ठानों में बिना मीटर या कम क्षमता के मीटर पर कई गुणा अधिक मशीनें संचालित कर विभाग को चूना लगाने का गोलमाल पकड़ा। कई उपभोक्ताओं ने घर के सामने मीटर लगाकर छतों पर दूसरी केबल से बिजली चोरी करने में रंगे हाथों पकड़ा जिस पर विभाग ने उसके खिलाफ भारी जुर्माना लगाया। विभाग के औचक जांच अभियान से ग्रामीणों में हड़कंप का माहौल बना रहा। बिजली विभाग ने बिजली चोरी व समय पर भुगतान न करने वाले क्षेत्र के डिफाल्टर उपभोक्ताओं को साफ कर दिया है कि बिजली चोरी या निर्धारित समय से पहले बिल जमा न करवाने पर उनके खिलाफ तत्काल कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। एसडीओ रामसिंह ने बताया कि बिजली विभाग उपमंडल क्षेत्र में किसी तरह की बिजली चोरी या लंबित बिल की मनमानी की स्थिति को माफ नहीं करेगा।



बाढड़ा। बिजली निगम का कार्यालय। फोटो : हरिभूमि

## सामाजिक संगठनों ने चलाया जनसम्पर्क अभियान, टोल को लेकर पंचायत बुलाई

**बवानीखेड़ा व उसके आसपास के गांव के लोगों से टोल वसूलने का विरोध**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

बवानीखेड़ा व उसके आसपास के गांव के लोगों से टोल वसूलने के विरोध में टोल पर क्षेत्र के मौजिज लोगों की पंचायत पांच अप्रैल को बुलाई है। उक्त महापंचायत की सफलता के लिए हरियाणा जागृति मोर्चा सहित अनेक सामाजिक संगठनों ने जनसम्पर्क अभियान चलाया।

लोगों को इस महापंचायत में पहुंचने का न्यौता भी दिया। इसी क्रम में मोर्चा के सदस्यों ने बवानीखेड़ा में टैक्सी स्टैंड के वाहन चालकों की मीटिंग ली और महापंचायत में पहुंचने का गुजारिश की। मोर्चा के अध्यक्ष राजेश सिंधू ने टोल फ्री करवाए जाने की मांग को लेकर 22 मार्च को टोल पर महापंचायत का आयोजन किया गया था। जिसमें एनएचआई के अधिकारी भी पहुंचे थे। उनकी मांग के बाद अधिकारियों ने इस मामले को लेकर दस दिन की मोहल्लत मांगी थी।उनका कहना था कि वे अपने आला अधिकारियों से इस बारे में बात करेंगे और फिर छूट व अन्य चीजों के बारे में बता पाएंगे। उन्होंने बताया कि दस दिन का समय एक अप्रैल को पूरा हो रहा है,लेकिन सामाजिक संगठनों ने आपसी सलाह मशविरा करके इसी मामले को लेकर पांच अप्रैल को महापंचायत बुलाई है। महापंचायत में एनएचआई के अधिकारियों का पक्ष भी सुना जाएगा। अगर उनकी समस्याओं का समाधान हो जाता है तो सही है नहीं वे उसी दिन आंदोलन का बिगुल बजाने पर मजबूर होंगे।



भिवानी। जनसम्पर्क अभियान के दौरान लोगों से बातचीत करते मोर्चा के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर टैक्सी स्टेडं पर राजेश सिंधू एडवोकेट के इलावा मोर्चा के संयोजिक रामकिशन काजल, बनवारी नायक, राजेश, नरेश, रोशन काजल कुलदीप ,पवन ,सतबीर थानेदार, जोगेन्द्र शर्मा, प्रदीप ,महेन्द्र ,मोहन शर्मा सुनील ,पवन व संजय वगैरा थे।

### एक को हनुमान की झांकी और दो को नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**बहल।** क्षेत्र की समाजसेवी संस्था जीटी हॉप फाउंडेशन द्वारा हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में एक व दो अप्रैल को मंगल कंक्रीट प्रोडक्ट्स दुलहेड़ी में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। एक अप्रैल को हनुमान की झांकी व रात को कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। दो अप्रैल को निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा जिमसें सर्वेश हेल्थ सिटी हिसार के चिकित्सक मरीजों को निशुल्क सेवाएं देंगे।

#### एक की रात को होगा जागरण

जीटी हॉप फाउंडेशन के सीए दीपांशु अग्रवाल ने बताया कि संस्था द्वारा आयोजित किए जाने वाला यह तीसरा कार्यक्रम है। एक अप्रैल को दोपहर बाद तिलकधारी ग्रुप हांसी के कलाकारों द्वारा बालाजी की मनमोहक झांकी निकाली जाएगी। इसी दिन रात्रि को होने वाले जागरण में सोनिया गाबा हांसी, देव हर्ष जयपुर, बाबा की परी हिसार, अनिल बाड्या व बलवान दुलहेड़ी सहित अन्य कलाकार बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे। कार्यक्रम के आयोजक बहल के पूर्व सरपंच गजानंद अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम तोशाम, बहल और भिवानी क्षेत्र के अनेक गांवों के लोग शिरकत करेंगे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

### विधायक सर्राफ ने समर्थकों के साथ सुनी पीएम मोदी की 'मन की बात'

# देश में डीजल व पेट्रोल की कोई कमी नहीं: प्रधानमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

विधायक घनश्याम सर्राफ ने कहा कि प्रतिमाह पीएम मोदी समर्थकों से होमवर्क लेते है, वह देश के विकास व उसको आगे ले जाने के लिए अति महत्वपूर्ण है। मोदी जी के इस तरह के कार्यक्रमों से लोगों को अपनी काबिलियत का पता चल पाता है। प्रधानमंत्री मोदी का यह कार्यक्रम केवल एक प्रसारण नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का एक विजन है।

वे आज अपने कार्यालय में पीएम नरेंद्र मोदी की मन की बात सुनने के बाद समर्थकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भिवानी का प्रदेश में दूसरे स्थान पर आना यह दर्शाता है कि यहां के लोग प्रधानमंत्री की नीतियों और उनके विचारों के साथ मजबूती से खड़े हैं। पीएम मोदी के संबोधन में कई महत्वपूर्ण वैश्विक और राष्ट्रीय मुद्दों पर प्रकाश डाला है। उन्होंने कहा कि पीएम ने इजरायल-ईरान संघर्ष और पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के कारण उत्पन्न हो रहे ऊर्जा संकट (पेट्रोल-डीजल की चुनौतियों) पर विस्तार से बात की। विधायक घनश्याम सर्राफ ने कहा कि पीएम मोदी ने मन की बात में इजराइल व ईरान युद्ध से विश्व स्तर की बनी समस्या के वक्त एकजुट रहने का आह्वान किया।

एकजुट रह कर ही किसी बड़ी समस्या से छुटकारा पाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने देश में पर्याप्त डीजल व पेट्रोल की कोई कमी नहीं है। इन चीजों को लेकर देश के लोगों को पैनिक होने की जरूरत नहीं है।



### मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने दिया तनावपूर्ण परिस्थितियों में एकजुट होकर सामना करने का संदेश



**बवानीखेड़ा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात कार्यक्रम के तहत देश को संबोधित किया गया, जिसे भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुना। इसी क्रम में बवानीखेड़ा के विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने अपने आवास पर हलके के लोगों के साथ बैठकर पीएम नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम सुना। पीएम मोदी ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक सकारात्मक ऊर्जा और राष्ट्र निर्माण का संदेश पहुँचाने वाला एक सशक्त माध्यम बताया तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों की सराहना की। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने वैश्विक युद्ध और मौजूदा तनावपूर्ण अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के बीच देशवासियों को एकजुट होकर चुनौतियों का सामना करने का संदेश दिया है। उन्होंने पीएम मोदी के इस कथन का समर्थन किया कि वर्तमान में चल रहे भीषण युद्धों के बीच, देशवासियों को अफवाहों से बचना चाहिए और एकजुट रहना चाहिए। इस मौके पर विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने कहा कि पीएम मोदी की बेहतरीन विदेश नीतियों की बदौलत आज विश्व में भारत का डंका बज रहा है।